DOON UNIVERSITY NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

एमएससी शहरी विकास प्रबंधन की शुरुआत

दून विवि में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में कुलपति ने बताई महत्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। दून विश्वविद्यालय में एमएससी शहरी विकास प्रबंधन की शुरुआत पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पाठ्यक्रम की रूपरेखा और इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने स्वांगत भाषण में बताया कि यह पाठ्यक्रम सीईपीटी विश्वविद्यालय, अहमदाबाद के अकादमिक सहयोग से शुरू किया गया है। शहरों के विकास से जुड़े इस पाठ्यक्रम का छात्रों को लाभ मिलेगा। डॉ. आशीष के श्रीवास्तव ने कहा कि शहरी नियोजन में यह महत्वपूर्ण है कि छात्र समस्या की पहचान करने की कला सीखें। उन्होंने कहा कि छात्रों को शहरी नियोजन और विकास के सामने आने वाली समस्या के मूल कारण में जाना चाहिए। प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल ने कहा कि कैसे शहरी नियोजन का पर्यावरण संबंधी चिंताओं से सीधा संबंध है। डीआईटी यूनिवर्सिटी के एचओडी डॉ. आशुतोष जोशी ने बताया कि छात्रों को शहरी विकास प्रबंधन का अध्ययन क्यों करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. आरपी ममगाईं, शहरी नियोजन समन्वयक डॉ. स्वाति बिष्ट, सह समन्वयक डॉ. विपिन कुमार, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. अविनाश जोशी और डॉ. अविजीत सहाय आदि मौजूद रहे।

दून विवि में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में भाग लेते अतिथि और छात्र-छात्राएं। विवि

‘स्किल डेवलपमेंट केंद्रित शिक्षा से बढ़ेंगे रोजगार’

देहरादून। दून विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंस में बीएससी इकोनॉमिक्स, बीएससी साइकोलॉजी, एमएसडब्लू, एमए एंथ्रोपोलॉजी और एमए साइकोलॉजी के प्रथम सेमेस्टर के नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस मौके पर विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि थ्योरी, रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट केंद्रित शिक्षा रोजगार की संभावना को बढ़ाती है। कार्यक्रम डॉ. अंकित नागर ने अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान करीब 120 छात्र-छात्राओं के अलावा फैकल्टी सदस्य एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

News paper – Amar Ujala
Date – 31.07.2024